**आकाशवाणी शिमला**
**11.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू कल मण्डी जिले के नाचन विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित बागा, स्यांज और पंगल्यूर गांव में हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावितों को राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों से उनकी संपत्ति को हुए नुकसान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा बहुत बड़ी है लेकिन राज्य सरकार हर प्रभावित का पुनर्वास करेगी और नुकसान का पूरा मुआवजा देगी। नाचन विधानसभा क्षेत्र के बागा में दो व्यक्तियों की मौत हुई है जबकि पंग्लयूर गाँव में नौ लोग बह गए, जिनमें से चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि 5 व्यक्ति अभी भी लापता हैं। इस बीच मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के बाद आज मंडी से शिमला लौटेंगे।

## जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सराज विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से अभी तक पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक का ढांचागत नुकसान हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि आज से पहले इस तरह का नुकसान कभी नहीं हुआ है और लोगों के बेघर होने के साथ ही उनके आजीविका कमाने के साधन भी छिन गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रशासन द्वारा आपदा से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है और सरकार से इसके लिए सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र से भी इस आपदा के लिए विशेष सहायता देने का आग्रह करेंगे।

*सरकार से मैंने बड़ा स्पष्ट निवेदन किया है हमको एक करोड़, दो करोड़ या तीन करोड़ से ये नहीं होने वाला। सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए स्पेशल प्रोजेक्ट की तैयारी की जाए और उसके तहत जैसा हमारा आईपीएच बहुत सारे स्कीम जो डैमेज हुई तो प्रोजेक्ट स्पेसिफिक फंड की प्रोविजन उसमें होनी चाहिए ताकि वह पैसा सीधा स्वीकृत होकर यहां आए। और जो फंड प्रोटेक्सन के लिए वो भी प्रोजेक्ट स्पेसिफिक होनी चाहिए। यहां का स्पेसिफिक प्रोजेक्ट बनकर के सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए वो पैसा केंद्र में स्वीकृत करने के लिए जाए। हम भी मदद करेंगे हम भी बात करेंगे ताकि वह पैसा सीधा जाकर के यहां इन इलाकों के सुरक्षा की दृष्टि से लाया जा सके।*

## दुर्घटना

बिलासपुर जिला के नम्होल के पास बीती रात एक निजी बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 32 लोग घायल हो गए। घायलों में 7 की हालत गम्भीर है। अधिकांश घायलों को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। ये निजी बस पंजाब से शिमला की ओर आ रही थी। इसी दौरान नम्होल के पास चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और ये बस गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरम्भ कर दिए तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज एम्स बिलासपुर का दौरा कर घायलों का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

## भूकंप

चंबा में आज सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता तीन दशमलव पांच आंकी गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप का केंद्र चंबा में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। भूंकप के झटकों से किसी भी तरह के जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है।

## अमरनाथ यात्रा

कश्मीर घाटी में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में हज़ारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के आठवें दिन कल 17 हज़ार 22 तीर्थ यात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। इस बीच, आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छह हजार चार सौ 82 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था जम्मू से रवाना हुआ। इस वर्ष 4 लाख से ज्यादा तीर्थ यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। यह यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक –रूक कर जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा हुई। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हुई। मौसम विभाग ने आज सोलन और सिरमौर जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

***11 और 12 जुलाई को डिस्टिक मंडी, शिमला और सिरमौर यहां पर एक दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके बाद वैदर एक्टिविटी 13 जुलाई से फिर से पिकअप करेगी और इसके बाद 13 जुलाई से 16 जुलाई तक संभावना है कि प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश होगी और साथ में जिला कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर यहां पर एक दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है इसको देखते हुए इन्हीं डिस्टिकस में हैवी रेन फॉल का अलर्ट जारी किया गया है।***

मॉनसून की भारी वर्षा से प्रदेश में अभी भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 2 सौ 24 सड़कें अवरूद्ध हैं। सर्वाधिक एक सौ 66 सड़कें मण्डी जिला में अवरूद्ध हैं। इसके अलावा बिजली के एक सौ 51 ट्रांसफार्मर और 8 सौ 12 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में प्रदेश में अभी तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग लापता हैं।

## प्रदर्शनी

प्रदेश में भांग की खेती को वैध करने व औषधीय उपयोग के मद्देनजर शिमला के गेयटी थियेटर में आज सेमिनार व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान विभिन्न कंपनियों के हितधारक औद्योगिक नवाचार और भांग के औषधीय उपयोग से संबंधित युगांडा कल्टीवेशन प्रोजेक्ट, मेडिकल हेम्पस बिजनेस और हेम्पस पारिस्थितिकीय नियोजन जैसे विषयों पर प्रस्तुति दे रहे हैं।

---